मंगलवार
28 जून 2022



पृष्ठ 4
**वीगन डाइट फॉलो कर रहे हैं तो बनाकर खाएं ये डेजर्ट**



पृष्ठ 5
**मैं या तो अपनी जेब को या अपनी आत्मा को संतुष्ट करती हूं : ईशा गुप्ता**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 145
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

लोहा गरम भले ही हो जाए पर हथौड़ा तो ठंडा रह कर ही काम कर सकता है।
– सरदार पटेल

# अब आईएएस यादव की पत्नी व बेटी को भी विजिलेंस का समन

विशेष संवाददाता

देहरादून। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में विजिलेंस के जाल में फंसे आईएएस रामविलास यादव जो 14 दिनों की रिमांड पर जेल भेजे जा चुके हैं अब उनकी पत्नी और बेटी पर भी विजिलेंस का शिकंजा कसना शुरू हो गया है। विजिलेंस द्वारा उनकी पत्नी और बेटी को पूछताछ के लिए बुलाने के लिए समन भेजे गए हैं।

इस आय से अधिक संपत्ति के मामले में हालांकि पहले ही इस बात की संभावनाएं जताई जा रही थी कि विजिलेंस द्वारा उनकी पत्नी और बेटी को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। क्योंकि विजिलेंस टीम के द्वारा की गई छापेमारी में मिले तमाम दस्तावेजों में कुछ ऐसी संपत्तियों का पता चला था जो रामविलास यादव की पत्नी के नाम थी, वही जो पैसों के लेनदेन की जानकारियां मिली थी उसमें विदेश में रहने वाली उनकी बेटी का नाम भी सामने आया था। यही नहीं रामविलास यादव जब हाई कोर्ट के



**❑आय से अधिक संपति मामले में होगी पूछताछ**
**❑न्यायिक हिरासत में है रामविलास यादव**

निर्देश के बाद विजिलेंस के सामने पेश हुए थे तो उन्होंने भी कई मामलों में जानकारी न देते हुए कहा था कि इस मामले में उनकी पत्नी ही कुछ बता सकती है उन्हें ही इन मामलों में ज्यादा जानकारी है। शायद अब उन सवालों का जवाब तलाशने के लिए ही विजिलेंस द्वारा यादव की पत्नी और बेटी को समन भेजकर बुलाया गया है। विजिलेंस अधिकारियों के मुताबिक रामविलास यादव के खिलाफ जो साक्ष्य मिले हैं वह आय से 550 फीसदी अधिक संपत्ति अर्जित करने के हैं। यह परिसंपत्तियों उनके व उनकी पत्नी के अलावा अन्य कुछ लोगों के नाम पर है, उनके सभी बैंक खाते भी सीज किए जा चुके हैं। कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाने से मना कर दिया गया था। अब उनकी पत्नी और बेटी विजिलेंस जांच में कितना सहयोग करती हैं, या नहीं करती हैं यह आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन विजिलेंस द्वारा उन्हें समन भेजकर अपना पक्ष रखने को कहा गया है। वह विजिलेंस के सामने पेश होंगे या नहीं अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। यह भी संभावना है कि वह भी अपने पति रामविलास यादव की तरह गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत का रुख कर सकती हैं। लेकिन एक बात साफ है कि रामविलास यादव और उनके परिवार की मुश्किलें समाप्त होने की बजाय और भी बढ़ती जा रही हैं।

# मां-बेटी के साथ दरिंदगी करने वालों पर कार्रवाई कब?

**●5 दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं**
**●पीड़ितों से मिलने के लिए नेताओं का तांता**
**●शासन-प्रशासन की खामोशी हैरान करने वाली**

विशेष संवाददाता

रुड़की/देहरादून। 5 दिन पूर्व रुड़की क्षेत्र में एक मां व उसकी अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले को शासन प्रशासन द्वारा जिस तरह हल्के में लिया गया वह हैरान करने वाला है। घटना के तीन-चार दिन बाद सूबे के नेताओं को पीड़ितों की याद आई और उनसे मिलने वालों का तांता लगा हुआ है। वह भी तब जब इसे लेकर लोगों में आक्रोश की आग सुलगने लगी है।

इस सनसनीखेज घृणित वारदात को 24 जून की रात उस समय अंजाम दिया गया जब यह महिला कलियर से अपनी बच्ची के साथ रुड़की आ रही थी। लिफ्ट देने के नाम पर कार में बैठने वाले तीन-चार युवकों द्वारा इस शर्मनाक घटना को अंजाम दिया गया और मां-बेटी को सामूहिक दुष्कर्म के बाद गंग नहर थाना क्षेत्र में फेंक कर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित महिला आरोपियों में से एक को पहचानती है बावजूद इसके अभी तक पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

खास बात यह है कि जब महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल पीड़ितों तक पहुंची और कांग्रेस के नेताओं ने भी रुड़की का रुख करना शुरू कर दिया तथा इस घटना के विरोध में धरने प्रदर्शन शुरू हो गए तब सत्ता पक्ष के लोग भी हरकत में आए। बीते कल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा के दौरे के बाद आज भाजपा विधायक प्रदीप बत्रा और आम आदमी पार्टी के नेताओं को भी यह एहसास हुआ कि अब यह मामला राजनीतिक रंग लेता जा रहा है।

विपक्षी दलों की सक्रियता का असर अब पुलिस प्रशासन पर भी दिख रहा है। घटना के मुख्य आरोपी की धरपकड़ को

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# टेक्सास में ट्रक के अंदर गर्मी में जल-भुनकर मर गए 46 प्रवासी!

नई दिल्ली । अमेरिका के टेक्सास में सोमवार को एक ट्रक में ४६ प्रवासियों की बॉडीज मिलने का दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। ट्रक में १०० से अधिक लोगों को ठूंस-ठूंसकर बैठाया गया था। इसे मानव तस्करी से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि अधिक गर्मी के चलते ट्रक के कंटेनर का टेम्परेचर बढ़ गया और ये लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हो गए। १६ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें ४ बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस जब मौक पर पहुंची, तो देखा कि मरने वालों की चमड़ी हीट स्ट्रोक से गर्म हो चुकी थी। १८ पहियों वाला यह बड़ा ट्रक टेक्सास के सैन एंटोनियो शहर के करीब मिला, जो सैन एंटोनियो टेक्सास-मैक्सिको बॉर्डर से करीब २५० किमी दूर है। इन लोगों को अवैध तरीके से बॉर्डर पार कराने ले जाया जा रहा था। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि फेडरल अथॉरिटी मामले की जांच कर रही है। तीन लोग हिरासत में हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वे घटना से जुड़े थे या नहीं। संघीय, राज्य और स्थानीय अधिकारियों का मानना ध्है कि ये पीड़ित प्रवासी थे। सीमा पार तस्करी और मानव तस्करी अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर लंबे समय से समस्या रही है। इस घटना ने सबको चौंका दिया है। फायर सर्विस के एक अधिकारी ने कहा जांच में सामने आया कि ट्रक कंटेनर के दरवाजे आधे खुले हुए थे। लेकिन अंदर वेंटिलेशन नहीं था। पानी तक की सुविधा नहीं थी।

# भारत में पिछले 24 घंटे में आए कोरोना के 11793 नए मामले, 27 लोगों की हुई मौत

नई दिल्ली। भारत में पिछले २४ घंटे में कोरोना संक्रमण के ११,७९३ नए मामले सामने आए हैं। साथ ही २७ और लोगों की मौत भी इस महामारी की वजह से हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से ये जानकारी मंगलवार सुबह दी गई। इसी के साथ देश में कोरोना से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर ५ लाख २५ हजार ४७ हो गई है।

देश में एक्टिव केस भी अब एक लाख के करीब पहुंचने लगे हैं। पिछले २४ घंटे में सक्रिय मामलों में २२८० की वृद्धि हुई है और ये संख्या अब बढ़कर ९६७०० हो गई है। यह संख्या कुल मामलों का ०.२२ प्रतिशत है। वहीं ९४८६ लोग बीमारी से ठीक



हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ो के अनुसार देश में अभी लोगों के कोरोना से ठीक होने की दर (रिकवरी रेट) ९८.५७ प्रति. है जबकि मृत्यु दर १.२१ प्रतिशत है। इस बीच टीकाकरण अभियान के तहत १९७ करोड़ (१,९७,३१,४३,१९६) से ज्यादा कोरोना वैक्सीन के डोज देश भर में लगाए जा चुके हैं। पिछले २४ घंटे में ही १९,२१,८११ डोज लगाए गए। वहीं आईसीएमआर ने बताया कि ४ लाख ७३ हजार ७१७ कोरोना टेस्ट भी पिछले २४ घंटे में किए गए हैं। पिछले २४ घंटे में सबसे अधिक नए केस केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली और कर्नाटक से आए हैं। केरल में सोमवार को ३२०६ नए केस मिले जबकि १३ लोगों की मौत दर्ज की गई। यहां सक्रिय मामले अब बढ़कर २७,९१६ हो गए हैं। वहीं महाराष्ट्र से २३६६ नए केस मिले और ५ मरीजों की मौत हुई। तमिलनाडु से १४६१ नए कोरोना मामले सोमवार को सामने आए। यहां कोई मौत दर्ज नहीं की गई। तमिलनाडु में एक्टिव केस की संख्या अभी ८२२२ है। महाराष्ट्र में अभी २५५७० कोरोना मरीज हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# कमर तोड़ महंगाई

आम तौर पर देश के गरीब लोगों से आपने सुना होगा 'दाल रोटी खाओ प्रभु के गुण गाओ, लेकिन आज बढ़ती महंगाई के दौर में इन गरीब लोगों के लिए दाल रोटी का जुगाड़ भी आसान नहीं रह गया है। इस साल देश में गेहूं का उत्पादन काफी कम हुआ और सरकार ने गेहूं की खरीद के लिए जो एमएसपी तय की थी उससे ज्यादा कीमत पर गेहूं मंडियों में खरीदा गया नतीजतन सरकारी खरीद में भारी कमी रही। सरकार ने इस संकट को भांपते हुए गेहूं के निर्यात पर रोक लगा दी गई। लेकिन इसके बावजूद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं आया क्योंकि निर्यातकों ने गेहूं की जगह आटे का निर्यात शुरू कर दिया। यही कारण है कि आटे की कीमतों में पिछले कुछ दिनों से भारी इजाफा देखा जा रहा है, गेहूं के बाद अब चावल की कीमतें भी 10 फीसदी बढ़ चुकी हैं। अभी धान की फसल आने में काफी समय है इसलिए यह तय है कि आटे और गेहूं के बाद चावल की कीमतें भी अभी ऊपर जाएगी। आने वाली फसल के भी अच्छे रहने का अनुमान नहीं है। देश के कुछ हिस्सों में बाढ़ से धान की फसलों का भारी नुकसान हुआ है। देश में दाल और सब्जियों के दाम भी इन दिनों रिकॉर्ड स्तर पर है। दाल 90 से 110 रूपये प्रति किलो के बीच है वहीं इस साल आलू और प्याज जैसी सब्जियों के भाव सीजन में भी नीचे नहीं उतरे और अभी अपने उच्च स्तर पर बने हुए हैं। इन दिनों टमाटर के भाव 70 से 80 रूपये प्रति किलो तक है जबकि आलू 25 से 35 रुपए किलो के बीच है और प्याज 25 से 30 रूपये पर है। जहां तक बात रसोई गैस सिलेंडर की हो तो वह भी अब तक के अपने उच्चतम स्तर पर है। 14 किलोग्राम वाला रसोई सिलेंडर एक हजार से अधिक है पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भले ही केंद्र सरकार द्वारा टैक्स में भारी कटौती कर आम आदमी को राहत देने का प्रयास किए गए हो लेकिन अभी भी देश में पेट्रोल 100 के आसपास और डीजल 90 के आसपास है। जिसके और नीचे आने की अभी सौ-सौ कोस दूर तक संभावनाएं नहीं दिख रही हैं। बीते समय में आरबीआई द्वारा बहुत थोड़े समय में दो बार रेपो रेट में वृद्धि की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड स्तर पर नीचे पहुंच चुकी है और वह 80 रूपये डालर के आसपास है। नई नीतियों के कारण ऋण पर ब्याज दर में भारी बढ़ोतरी हो चुकी है और लोगों को अपने बैंक ऋण पर अब अधिक ईएमआई चुकानी पड़ रही है। रिजर्व बैंक के गवर्नर भी यह कह चुके हैं कि तमाम प्रयासों के बाद भी बढ़ती महंगाई को रोक पाना संभव नहीं रहा है तथा दिसंबर से पहले महंगाई दर में कमी आने की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। इस बढ़ती महंगाई के कारण आम और गरीब आदमी का जीवन दिनोंदिन और अधिक मुश्किल होता जा रहा है उसकी बचत निरंतर कम होती जा रही है। अपने अच्छे दिनों की आस लगाए बैठे आम आदमी के अच्छे दिन कभी आएंगे भी इसे लेकर उनकी निराशा बढ़ती ही जा रही है जबकि भविष्य की संभावनाएं भी धूमिल दिख रही हैं।

# 30 जून तक लें लें अपना राशन, बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन है अनिवार्य



संवाददाता

देहरादून। उपायुक्त एवं जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि समस्त कार्डधारकों को सूचित किया गया है कि शासन से प्राप्त दिशा–निर्देशों के क्रम में राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बढाने वीज की समस्या को रोकने के लिए कई सुधार किए गए हैं।

इसके तहत समस्त कार्डधारक माह जुलाई २०२२ से प्रत्येक माह की १ तारीख से २० तारीख तक बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन (परिवार के किसी भी सदस्य का अंगूठा लगाकर ) अपना राशन प्राप्त कर सकते हैं।

प्रत्येक कार्डधारक को राशन माहवार रूप में अर्थात् प्रत्येक माह का राशन उसी माह की २० तारीख तक बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन (परिवार के किसी भी सदस्य का अंगूठा लगाकर ) रूप में उपलब्ध होगा। जिन उपभोक्ताओं द्वारा अभी तक माह जून २०२२ का राशन नहीं लिया गया है, उनसे अपील है कि वे ३० जून २०२२ तक अनिवार्य रूप से अपना राशन प्राप्त कर लें. उसके पश्चात् राशन उपलब्ध नहीं हो पायेगा। डीएसओ ने बताया कि जिन लोगों की उंगलियों में दिक्कत है या ऊँगली कटी हुई है या अन्य किसी वजह से बायोमेट्रिक आने में दिक्कत हो रही है,उनको भी राशन मिलने से वंचित नही रखा जाएगा। उनकी अन्य तरह से पहचान कर उनको भी राशन दिया जाएगा।

# प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर कक्षा पांच के छात्रों को की किताबें भेंट



कार्यालय संवाददाता

मुनस्यारी। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया की पहल के बाद पहली बार विकास खंड के २६ राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा पांच के छात्रों को जवाहर नवोदय तथा राजीव गांधी नवोदय की प्रवेश परीक्षा की विशेष तैयारी की जा रही है। २६ विद्यालयों में परीक्षा की ५२ किताबें भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक बहादुर सिंह धर्मसक्तू ने अपनी ओर से दान स्वरूप प्रदान की है। जिले के दुरस्थ स्थित नामिक विद्यालय में किताबें भेंट करने की औपचारिकता पूरी की गई।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने अपने जिला पंचायत सदस्य वार्ड सरमोली के २३ राजकीय प्राथमिक विद्यालयों को इसके लिए चुना था। उसके बाद नामिक सहित तीन नशामुक्ति की घोषणा करने वाले ग्राम पंचायतों के प्राथमिक विद्यालयों को भी इसके लिए चुना गया है।

मर्तोलिया ने किताबों को खरीदने के लिए सहयोग की अपील की थी। बागेश्वर जिले के शामा निवासी भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक बहादुर सिंह धर्मसक्तू ने सरकारी स्कूलों के इन बच्चों की नवोदय विद्यालयों की तैयारी के लिए किताबें स्वयं खरीदकर दी।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण अंचलों के बच्चों को कक्षा छह में नवोदय विद्यालयों में प्रवेश दिलाना अत्यंत आवश्यक है। ताकि अभावों में रहने वाले ज़रुरत मंद परिवारों के बच्चों को अपना फ्यूचर बनाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। आज नामिक में हुए एक सादे समारोह में बहादुर सिंह धर्मसक्तू ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक गंगा सिंह महर को दो किताबों का सैट देकर इस अभियान का श्रीगणेश किया।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी मुनस्यारी हेम चन्द्र कश्यप के आदेश पत्र के साथ किताबें शेष विद्यालयों में वितरित किया जा रहा है। किताबों के प्राप्त होते ही विद्यालयों में इस प्रवेश परीक्षा की विशेष तैयारियां शुरू हो जायेगी। प्रत्येक शनिवार को पढ़ाएं गये पाठो के आधार पर बच्चों की परीक्षा आयोजित की जायेगी। उसकी उत्तर पुस्तिकाएं खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा की जायेगी। जिसका हर पखवाड़े में एक टीम द्वारा मुल्याकंन किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ त्रिस्तरीय पंचायत के सदस्यों द्वारा भी समय समय पर धरातल पर इसके प्रभाव को आंका जायेगा।

इस अवसर पर जिपंस जगत मर्तोलिया, भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त वरिष्ठ शाखा प्रबंधक बहादुर सिंह धर्मसक्तू, राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक गंगा सिंह महर, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवान सिंह जैम्याल, सहायक अध्यापक बलराम सिंह, जितेन्द्र सिंह सामंत, राजेन्द्र सिंह बोरा मौजूद रहे।

# कैंट विधायक ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



नगर संवाददाता

देहरादून। कैंट विधायक सविता कपूर द्वारा आज अपने विधानसभा में विभिन्न वार्डो में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर विधायक सविता कपूर ने लोक निर्माण विभाग के माध्यम से चल रहे वार्ड 38 के एकता विहार एवम केहरी गाव में लोक निर्माण विभाग द्वारा चल रहे कार्यो का विभागीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया और कहा कि केहरी गाव में नाले और पुलिया निर्माण का कार्य शीघ्र हो। उन्होने कहा कि यह चल रहे काम में गुणवत्ता में कोई कमी न आये।

विधायक सविता कपूर ने एकता विहार सड़क निर्माण के कार्य को शीघ्र करने हेतु निर्देशित किया जिससे बरसातों में क्षेत्रवासियों को समस्याओ का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर सहायक अभियंता ललित मोहन बेंजवल, अवर सहायक अभियंता भारत रावत, रमेश काला, विक्की खन्ना, सूरज भाटिया, कमल राज, हिमांशु गोगिआ, सुमित पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

आ नो विश्वाभिरूतिभिः सजोषा ब्रह्म जुषाणो हर्यश्व याहि।
वरीवृजत्स्थविरेभिः सुशिप्रास्मे दधद्वृषणं शुष्ममिन्द्र।।

(ऋग्वेद ७–२४–४)

हे समस्त जगत के शासक ! अपने सहायकों के साथ आओ। अपने सभी रक्षण और समृद्धि के साधनों सहित आओ। राष्ट्र को शांति, समृद्धि और रक्षण प्रदान करो। जो राष्ट्र विरोधी शक्तियां हैं उन्हें समाप्त करने में सहयोग करो।

O ruler of the whole universe ! Come with your assistants. Come with all your means of protection and prosperity. May the nation be blessed with peace, prosperity, and protection. Help to eliminate the anti-national forces. (Rig Veda 7-24-4)

# राज्य आंदोलनकारियों ने की सुविधाएं देने की मांग

नई टिहरी (आरएनएस)। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण तथा अन्य सुविधाओं के लिए अधिनियम बनाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन प्रेषित किया है। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच टिहरी शाखा से जुड़े आंदोलनकारियों ने सीएम को भेजे ज्ञापन में कहा राज्य आंदोलकारियों द्वारा दस प्रतिशत आरक्षण तथा अन्य सुविधाओं को लेकर देहरादून में धरना चलाया जा रहा है।

मंच जिलाध्यक्ष देवेन्द्र दुमोगा ने कहा कि राज्य आंदोलकारियों को लिये दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान था, लेकिन न्यायालय के निर्णय के बाद आंदोलकारियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। कहा जिन आंदोलनकारियों को दस प्रतिशत आरक्षण के जरिए सरकारी सेवाओं का लाभ मिला है, उनके भविष्य पर भी प्रश्न चिह्न लग गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से राज्य आंदोलनकारियों के हितों के लिये दस प्रतिशत आरक्षण तथा अन्य सुविधाओं के लिये उचित प्रावधान बनाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मंच सचिव किशन रावत, शांति प्रसाद भट्ट, गीताराम गैरोला, ज्योति प्रसाद भट्ट, हरपाल सिंह रौतेला, बचन सिंह चौहान, जय प्रकाश पांडे, गोपाल चौहान, मर्शरफअली आदि शामिल थे द्य

# सिविल सविसेज की निशुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए 31 जुलाई को होगी परीक्षा

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए सीविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारियों के लिए निशुल्क कोचिंग की प्रवेश परीक्षा 31 जुलाई को होगी। इसके लिए प्रदेश में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कोचिंग में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 3 जून निर्धारित है। गढ़वाल विवि के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. एमएम सेमवाल ने बताया कि हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारियों के लिए निशुल्क कोचिंग कार्यक्रम श्डॉक्टर आंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंसश् को संचालित करने के लिए चयनित किया गया है। देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में से गढ़वाल विश्वविद्यालय को बीते दिनों बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में चयनित कर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिसमें गढ़वाल विश्वविद्यालय के साथ-साथ 31 अन्य विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। गढ़वाल विश्वविद्यालय में इस कोचिंग में प्रवेश के लिए एक जून से 3 जून 222 तक अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र मांगे गए है। आवेदन के लिए अब केवल दो ही दिन बचे हैं। कहा आगामी 31 जुलाई 222 को इस कोचिंग में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की प्रवेश परीक्षा चार केन्द्रों श्रीनगर, देहरादून, रुड़की व हल्द्वानी में आयोजित की जाएगी। इस सेन्टर से सम्बंधित सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## बैठक से नदारद रहने पर डीईओ माध्यमिक का स्पष्टीकरण तलब

पौड़ी (आरएनएस)। जिले में अवैध रूप से हो रही अफीम, भांग, चरस आदि को एनडीपीएस के नियमों के तहत रोकने के लिए आयोजित बैठक में गैरहाजिर रहने पर जिलाधिकारी ने जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए है। सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने समिति गठित कर विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को नशीलें पदार्थो का अवैध रूप से विक्रय करने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज, स्कूल, ग्राम पंचायतों में नशीलें पदार्थो का सेवन पर रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करें। उन्होंने अधिकारियों को अगली बैठक से पूर्व जिले में किए गए कार्यक्रम, कार्रवाई सहित अन्य की जानकारी देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को जिले में अवैध रूप से हो रही मादक पदार्थो का विक्रय, कार्रवाई, वाद निस्तारण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने सभी एसडीएम से जिले में वैध व अवैध रूप से अफीम, भांग, चरस आदि की खेती किए जाने की रिपोर्ट भी मांगी। जिलाधिकारी ने मेडिकल स्टोरों में नशीलें पदार्थो की चेकिंग करने के भी निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी यशवंत सिंह चौहान ने कहा कि ड्रग्स अधिकारी निरंतर रूप से मेडिकल स्टोरों की चौंकिंग करे।

## आईसीटी प्रशिक्षण में सीखीं कई महत्वपूर्ण जानकारी

चम्पावत (आरएनएस)। उत्तराखंड राज्य शैक्षिक नवाचारी संवाद टीम की ओर से आयोजित पांच दिवसीय ऑनलाइन आईसीटी प्रशिक्षण का समापन हो गया है। कार्यशाला में करीब 35 से अधिक शिक्षक- शिक्षिकाओं ने ई-मेल आईडी बनाना, आईएफएमएस सिस्टम, मासिक परीक्षा, शाला सिद्धि, स्टूडेंट पोर्टल, पिक्सेल लेब, गूगल फॉर्म बनाना, काईन मास्टर, एक्सेल आदि का प्रशिक्षण लिया। विद्यालयी शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कार्यशाला का समापन किया। शैक्षिक नवाचारी संवाद टीम के मार्गदर्शक टीम मोटिवेटर लक्ष्मण सिंह मेहता ने शैक्षिक नवाचारी संवाद टीम की ओर से शिक्षा, शिक्षार्थियों और शिक्षकों के व्यक्तित्व विकास के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। यहां दिनेश गौड़, आकाश सारस्वत, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा वन्दना गर्ब्याल, प्रशिक्षक अरविंद सिंह सोलंकी, जसवंत सिंह बिष्ट, रमेश चंद्र जोशी, जया चौधरी आदि रहे। संचालन टीम के टेक्निकल एक्सपर्ट और टीम कोर्डिनेटर शंकर सिंह अधिकारी ने किया।

## चम्पावत में तेज बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

चम्पावत (आरएनएस)। चम्पावत में तड़के से हुई तेज बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। चम्पावत में सर्वाधिक 54 एमएम बारिश रिकॉर्ड किया गया। चम्पावत में सोमवार तड़के तीन बजे से तेज बारिश का सिलसिला हुआ। इस दौरान बादलों की तेज गरज भी हुई। बारिश होने से कई स्थानों पर नाली का पानी सड़क में बहने लगा। तड़के से हो रही तेज बारिश सुबह करीब दस बजे बंद हुई। इस दौरान जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया। हालांकि पूर्वान्ह के बाद धूप खिल आई। इससे लोगों को उमस का सामना करना पड़ा। अपरान्ह बाद एक बार फिर आसमान में काले बादल घिर आए। लगातार बदल रहे मौसम के मिजाज से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इधर जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक चम्पावत में सर्वाधिक 54 एमएम बारिश रिकॉड की गई। जबकि लोहाघाट व बनबसा में 25-25 और पाटी में 24 एमएम बारिश हुई। बारिश से खेतों में उगी मिर्च, शिमला मिर्च, बैगन, फ्राशबीन समेत तमाम सब्जियों को नवजीवन मिला।

# स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। आज प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के शिविर कार्यालय सी २० टर्नर रोड पर पर्वतीय सेवा समिति नथुआवाला के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर लगाया जिसमें संस्था द्वारा भौतिक परीक्षण किया गया इसमें हृदय कार्यशैली पाचन तंत्र कार्यशैली, अग्नाशय कार्यशैली, फेफड़ा कार्यशैली, मस्तिक कार्यशैली आदि का परीक्षण किया गया। इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने सेवा का लाभ उठाया।

शिविर का उद्घाटन कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव महानगर प्रभारी पीयूष गौड़ ने किया। इस अवसर पर प्रशिक्षित व एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा जांच की गई।



कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारी वह संस्था के कार्यकर्ता मौजूद थे। शिविर में डॉ पुरोहित डॉ राणा डॉक्टर चौहान डॉक्टर उनियाल डॉक्टर चमोली आदि मौजूद थे। इस अवसर पर बोलते हुए पीयूष गौड़ ने कहा कि समाज के हितों के लिए लगातार अन्य संस्थाओं के साथ भी सामाजिक कार्य करते रहेंगे।

## जनता दरबार में आई 21 शिकायतों का निस्तारण

नई टिहरी (आरएनएस)। जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन जिला सभागार में किया गया। जिसमें डीएम इवा श्रीवास्तव ने 21 शिकायतों का निस्तारण किया। शिकातयों को लेकर संबंधित अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों को प्राथमिकता से हल करें, ताकि लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनता दरबार कार्यक्रम में नकोट निवासी मागी देवी ने शिकायत कर बताया कि ग्राम रौलाकोट तहसील प्रतापनगर में पुनर्वास से बनी विस्थापन पात्रता उनके पति के नाम से आवासीय प्लाट पटेलनगर देहराखास में तथा कृषि भूमि प्रतीतनगर रायवाला में आंवटित हुई। पति की मृत्यु के बाद उनके बेटे ने उनके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। वर्तमान में वे बेटी के साथ रह रही है। उन्होंने सम्पति में बेटी को भी हक दिलाने की मांग की। घेराचक गांव के रतनमणी भट्ट ने कहा जौनपुर मध्य राजस्व क्षेत्र मजेपुर लग्गा अलमस के घेराचक में सिंचाई टैंक बनवाने एवं खेती सुरक्षा के कार्य करवाएं जाएं। बुडोगी की सरस्वती नेगी ने अपने पिताजी की सम्पति में अपने अधिकार की मांग करने पर भाई द्वारा प्रताड़ित करने की बात कही। प्रधान ग्राम पंचायत माजफ प्रतापनगर देवेश्वरी दुमोगा ने जल जीवन मिशन के तहत दिये कनेक्शनों में जलसंकट से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान करने की मांग। डीएम से सभी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## मोटरसाईकिल लेकर निकला युवक गायब, मुकदमा दर्ज

देहरादून (संवाददाता)। घर से मोटरसाकिल लेकर निकला युवक वापस नहीं आया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्प कुंज कालोनी मोथरोवाला रोड निवासी सुनील खण्डूरी ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका साला शिवम चमोली पुत्र जगदीश प्रसाद चमोली अपने निवास स्थान पुष्पकुंज कालोनी मोथरोवाला रोड प्रातः 9 बजे अपनी मोटर साईकल लेकर निकला था जो कि आज तक वापस नही आया है रात्रि तक घर वापस न पहुंचने के कारण इसके दोस्तो से सम्पर्क करने इसकी दोस्त श्रेया उनियाल ने यह जानकारी दी गई कि 11 बजे से साढे ग्यारह बजे तक रिद्वार ऋषिकुल में साथ था। वर्तमान में शिवम चमोली के सभी मोबाइल नम्बर स्विच ऑफ है तथा शिवम चमोली की कोई सूचना नही मिल पा रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## दरवाजे की चटकनी तोडकर लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

देहरादून (संवाददाता)। चोरों ने मकान का ताला तोडकर लाखो के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शक्ति कालोनी निवासी आशीष जैन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज घर से साढे दस बजे आफिस में गया था तथा जब वह शाम को समय करीब 6 बजे वापस आया तो उसके घर के साइड के दरवाजे की चटकनी तोडकर कुछ चोर घर में घुसे जिनके द्वारा सारा सामान इधर उधर फेका हुआ था और अलमारी के लॉकर तोड़कर कुछ नगदी और जेवर चोरी कर के ले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## चोरी कर भाग रहे युवक को पकड पुलिस के हवाले किया

देहरादून (संवाददाता)। घर के अन्दर से मोबाइल चोरी कर भाग रहे चोर को पकडकर कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फ्रेन्डस कालोनी निवासी सोहन सिंह रावत ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज दोपहर को खाना खाने के बाद सभी लोग सो रहे थे लगभग साढे चार बजे एक व्यक्ति दीवार फांद कर उनके घर में घुसा वेडरूम में तकिये के नीचे रेड एम आई फोन चोर कर दूसरे कमरे में आया तब तक उसकी आंख खुली उसने उस व्यक्ति को देखा तो उसको देखकर दीवार फांद कर खेतों की तरफ भागा, उसका पुत्र सूरज भी शोर सुनकर जाग गया जो चोर के पीछे खेतों की तरफ भागा चोर को दोनों ने दोनाली पर पकडा जिसकी पैन्ट की दहिने जेब से चोरी किया गया मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम आशीष बिष्ट निवासी पुष्प विहार थाना रायपुर देहरादून बताया। पुलिस ने उसको हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लाटा तहसील में क्षेत्रीय काश्तकारों ने किया प्रदर्शन

नई टिहरी (आरएनएस)। केमर सिंचाई नहर से काश्तकारों के खेतों की सिंचाई के लिए पानी की पर्याप्त मात्र में आपूर्ति न होने से नाराज श्रीकोट, बेलेश्वर ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत चमियाला के काश्तकारों ने तहसील मुख्यालय लाटा में तीन घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने इस संबंध में तहसीदार को ज्ञापन भी सौंपा। बीते शनिवार को श्रीकोट, बेलेश्वर तथा नगर पंचायत चमियाला के काश्तकारों ने बूढ़ाकेदार जा रही डीएम इवा आशीष श्रीवास्तव को चमियाला-बूढ़ाकेदार मार्ग घेरकर केमर सिंचाई नहर की खस्ताहालत के बारे में बताया। डीएम ने सिंचाई विभाग के ईई को सोमवार को नहर का निरीक्षण कर काश्तकारों को पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। नगर पंचायत सभासद कौशल्या देवी ने बताया कि सोमवार दोपहर तक सिंचाई विभाग के अधिकारी नहर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचे। कहा डीएम से शिकायत के बाद नहर पर पानी चलाया गया तथा विभागीय जेई व बेलदार लगातार ड्यूटी देकर पानी पहुंचाने में लगे हैं। कहा ग्रामीण उक्त समस्या का स्थायी समाधान चाहते हैं। सोमवार को श्रीकोट के प्रधान विजय प्रकाश पैन्यूली के नेतृत्व में ग्रामीणों ने चमियाला बाजार से लाटा तहसील मुख्यालय तक जुलूस निकालकर तहसील मुख्यालय के बाहर तीन घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। काश्तकारों ने तहसीलदार महेशा शाह को उक्त समस्या के समाधान हेतु ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि मंगलवार तक विभागीय ईई मौके पर नहीं पहुंचे तो बुधवार को तहसील के बाहर चमियाला-बूढ़ाकेदार सड़क पर चक्का जाम किया जाएगा।

धरना-प्रदर्शन करने वालों में रजनी देवी, चंपा देवी, मोनिका देवी, कमली देवी, रोशनी देवी, हुकम सिंह रावत, राजेन्द्र सिंह रावत, विजय पंवार, कुशाल सिंह रावत, चन्दन सिंह रावत सहित भारी संख्या ग्रामीण मौजूद थे।

# बाजार में मौजूद हैं पांच तरह के आईशैडो, जानिए आपको कौन सा चुनना चाहिए

आईशैडो एक आई मेकअप प्रोडक्ट है, जिसका इस्तेमाल आईलिड पर किया जाता है और इससे कई तरह के स्टाइल आसानी से क्रिएट किए जा सकते हैं। वैसे बाजार में पांच तरह के आईशैडो मौजूद हैं और अगर आपको नहीं पता कि इनमें से कौन-सा आपके लिए बेहतरीन हैं तो परेशान न होइए क्योंकि आज का हमारा लेख आपके लिए ही है। चलिए फिर जानते हैं कि आपके लिए किस तरह का आईशैडो चुनना अच्छा है।

पाउडर आईशैडो : पाउडर आईशैडो कई प्रकार के फॉर्मूला में आते हैं, जिसमें शीर, ओपैक और पूरी तरह से मैट आदि शामिल हैं। इनका इस्तेमाल करके आप कई तरह के लुक्स क्रिएट कर सकते हैं जैसे न्यूट्रल, रोज, ड्रामेटिक आदि। अगर आपकी त्वचा तैलीय प्रकार की है तो आपके लिए पाउडर आईशैडो का इस्तेमाल करना अच्छा हो सकता है क्योंकि यह आईलिड पर आने वाले अतिरिक्त तैलीय प्रभाव को नियंत्रित करने में मदद करेगा।

स्टिक आईशैडो : यह आसानी से लगाया जाने वाला आईशैडो है, जिसे क्रेयॉन आईशैडो भी कहा जाता है। अगर आप मेकअप बिगनर हैं तो स्टिक आईशैडो का चयन करें और इसे लिपस्टिक की तरह अपनी दोनों आईलिड पर लगाएं, फिर इसे उंगलियों की मदद से अच्छे से फैला लें। अच्छी बात यह है कि मेकअप के दौरान लगाया गया यह आईशैडो लंबे समय तक बरकरार रहता है।

लिक्विड आईशैडो : महिलाएं लिक्विड आईशैडो को आप अपनी दोनों आईलिड पर लगाकर उंगलियों या ब्रश की मदद से अच्छी तरह से ब्लेंड कर सकती है और अच्छी बात है कि यह आईशैडो आईलिड पर लगाने के बाद जल्दी सूख जाता है। यह आईशैडो कांच या प्लास्टिक की बोतल में ड्रॉपर के साथ आता है। इसके अतिरिक्त, इसमें ऐसे तेल मौजूद होते हैं, जो आसानी से आपकी त्वचा में समा जाते हैं। रूखे प्रकार की त्वचा के लिए यह बेस्ट ऑप्शन है।

क्रीम आईशैडो : आप आसानी से अपनी उंगलियों से क्रीम आईशैडो को अपनी दोनों आईलिड पर लगा सकती हैं या सबटल लुक के लिए ब्रश का इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आपके पास आई प्राइमर नही हो तो क्रीम शैडो का चयन करना बेहतरीन विकल्प है। यह एक बहुमुखी आई मेकअप प्रोडक्ट है और इसे रंगीन आईलाइनर के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। वहीं, यह वॉटरप्रूफ और लंबे समय तक बरकरार रहने वाला आईशैडो होता है।

पिगमेंट आईशैडो : पिगमेंट पाउडर वाले आईशैडो होते हैं, जिनका ज्यादातर इस्तेमाल पेशेवर मेकअप आर्टिस्ट करते हैं। यह आईशैडो रूखी त्वचा वालों के लिए अच्छा नहीं है क्योंकि यह आपकी त्वचा को और रूखा बना सकता है।

# अभिनेत्रियों के बीच कोल्ड वाइब्स एक गलत धारणा है: जननी

आगामी थ्रिलर फिल्म वेजम में अशोक सेलवन और ऐश्वर्या मेनन के साथ मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री जननी का कहना है कि यह धारणा कि एक परियोजना में काम करने वाली दो अभिनेत्रियों में कोल्ड वाइब्स होगी, वास्तव में एक गलत धारणा के अलावा और कुछ नहीं है।

अभिनेत्री, जिन्होंने हाल ही में वेजम टीम द्वारा बुलाई गई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया, ने कहा, आमतौर पर यह गलत धारणा है कि एक प्रोजेक्ट में एक साथ काम करने वाली दो अभिनेत्रियों के मन में कोल्ड वाइब्स होगी। यह असत्य है। ऐश्वर्या और मैं दोनों एक अद्भुत तालमेल और दोस्ती साझा करते हैं। हमें इस फिल्म में साथ काम करने में बहुत मजा आया।

जननी ने फिल्म के निर्देशक, संदीप श्याम, एक नवागंतुक के लिए भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, आमतौर पर नए आने वाले निर्देशकों के साथ काम करते समय, अभिनेताओं में असुरक्षा की भावना होती है। हालांकि, निर्देशक संदीप श्याम के साथ काम करते समय ऐसी कोई असुरक्षा नहीं थी।

अशोक सेलवन के साथ उनकी हिट फिल्म थेगिडी के बाद फिर से काम करने पर जननी ने कहा, अशोक और मैंने साथ में थेगिडी में काम किया है और हम इस फिल्म के लिए फिर से एक साथ काम कर रहे हैं। मैंने इसकी कुछ क्लिप देखी हैं और यह बहुत अच्छी तरह से आई है। झानू का संगीत स्कोर फिल्म की सबसे बड़ी ताकत है। मुझे खुशी है कि मेरे पास उनका एक अच्छा गाना है।

के4 क्रिएशंस प्रोड्यूसर केसेवेन द्वारा निर्मित यह फिल्म 24 जून को स्क्रीन पर आने वाली है।( आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# वीगन डाइट फॉलो कर रहे हैं तो बनाकर खाएं ये डेजर्ट





वीगन डाइट पत्तेदार चीजों पर आधारित होती है और इसमें जानवर या उनसे उत्पादित किसी भी खाद्य पदार्थ को शामिल नहीं किया जाता है जैसे दूध, दही और शहद आदि। यही वजह है कि वीगन डाइट वाले लोग डेजर्ट जैसी चीजों का आनंद नहीं ले पाते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अगर आप वीगन डाइट फॉलो कर रहे हैं तो आइए आज हम आपको कुछ ऐसे वीगन डेजर्ट की रेसिपी बताते हैं, जिनको आप बार-बार बनाकर खाना पसंद करेंगे।

वीगन रबड़ी : अगर आप वीगन डाइट पर है तो डेजर्ट के तौर पर वीगन रबड़ी का आनंद ले सकते हैं। इसे बनाने के लिए थोड़े काजू को रातभर बादाम के दूध में भिगोकर रखें, फिर सुबह उठकर इसे ब्लेंडर में डालकर ब्लेंड करें। इसके बाद इस मिश्रण को गाढ़ा होने तक पकाएं, फिर इसमें बादाम का आटा और चीनी मिलाएं, फिर इसमें केसर, इलायची पाउडर और वनिला एसेंस मिलाएं। अब गैस बंद कर दें और रबड़ी को ठंडा होने के बाद खाएं।

वीगन चॉकलेट आइसक्रीम : सबसे पहले भीगे हुए बादाम को पानी के साथ पीस लें, फिर इस मिश्रण के पानी को छानकर एक पैन में डालें और इसे दो मिनट तक पकाएं, फिर इसे ठंडा होने दें। इसके बाद एक ब्लेंडर में पकाया हुआ बादाम वाला पानी, कोको पाउडर, केला, वेनिला एसेंस और चीनी को एक साथ ब्लेंड करें, फिर इसे एक कंटेनर में डालकर एक घंटे के लिए फ्रीज़र में रखें, फिर दोबारा से इस मिश्रण को ब्लेंड करके फ्रीजर में रखें।

वीगन लड्डू : इसे बनाने के लिए सबसे पहले गेहूं के आटे को एक पैन में हल्का सुनहरा होने तक भून लें, फिर इसमें अलसी, बादाम का आटा, नमक और वीगन मक्खन डालें और अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को तीन-चार मिनट तक भूनें और ठंडा होने दें, फिर इसमें खजूर, इलायची, काजू और गेहूं के आटे का मिश्रण मिलाकर इससे गोल-गोल आकार के लड्डू तैयार कर लें। आप इन लड्डू को पांच दिनों तक स्टोर कर सकते हैं।

ब्राउन राइस खीर : सबसे पहले ब्राउन राइस को पानी के साथ 30 मिनट तक पकाएं, फिर जब चावल पक जाएं तो उससे पानी को छान दें। अब एक पैन में बादाम के दूध गर्म करें, फिर उसमें काजू और पकाएं चावल मिला दें, फिर इसमें इलायची के दाने और चीनी डालकर 15-20 मिनट तक पकाएं। इसके बाद खीर में भूने सूखे मेवे डालें और 10-20 मिनट तक और पकाकर गैस बंद कर दें। अंत में खीर पर बादाम गर्निश करके इसका आनंद लें। (आरएनएस)

# ब्रांडेड कपड़ों की शॉपिंग में कहीं आप भी तो नहीं खा रहे धोखा!

फैशन के इस बदलते दौर में हर कोई ट्रेंड में रहना चाहता है। हर कोई चाहता है कि स्टाइल के मामले में वो पहले स्थान पर रहे है। फैशन में आगे रहने के चलते आज युवाओं में ब्रांडेड कपड़े खरीदने की होड़ सी लगी है। जिसे देखो वो ही अपने कपड़े, जूते से लेकर बैग्स तक खरीदने के मामले में ब्रांड कॉन्शियस है लेकिन कई बार ऐसा होता है कि जो चीज़ हम ब्रांड समझ कर खरीदते हैं बाद हमें पता चलता है कि वो सामान नकली है। कई बार लोग खरीदी करते वक्त ब्रांड्स के नाम पर ठगे जाते हैं। ब्रांडेड कपड़ों से लेकर ब्रांडेड बैग्स तक मार्केट में हर चीज़ की कॉपी मौजूद है। ऐसे में इनकी शॉपिंग करते वक्त धोखा खा लेना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन क्या आप जानते हैं कि ब्रांडेड कपड़ों में कई ऐसी खासियत होती है जिसे कॉपी नहीं किया जा सकता है। तो चलिए आज हम आपको ब्रांडेड कपड़ों की इन्हीं बारीकियों से रूबरू करवाते हैं, जिससे आगे से शॉपिंग करते वक्त आप ब्रांडेड कपड़ों की पहचान आसानी से कर पाएंगे।

स्टिचिंग

ब्रांडेड कपड़ों की स्टिचिंग पर ध्यान देकर आप आसानी से पहचान सकते हैं कि यह कपड़ा असली है या नकली। ब्रांडेड कपड़ों की सिलाई सीधी, नीट और एक जैसी होती है। इसमें इस्तेमाल होने वाला धागा भी एक जैसा ही होता है।

जिप

ब्रांडेड कपड़ों की जिप बहुत ही स्मूथ और अच्छी क्वालिटी की होती है। जबकि लोकल कपड़ों की जिप पर आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि ये अटकती है और लो क्वालिटी की होती है। ब्रांडेड कपड़ों की पहचान इसकी जिप से करना बहुत ही आसान है। जिप को तेजी से खोले और बंद करें। ऐसा करने से आपको अंदाजा हो जाएगा की कपड़ा ब्रांड का है या लोकल। एक बात का जरुर ध्यान दें, ज्यादातर ब्रांडेड कपड़ों की जिप पर ब्रांड का नाम लिखा होता है।

बटन

ब्रांडेड कपड़ों के बटन पर ब्रांड का नाम लिखा होता है वहीं कॉपी कपड़ों पर सिंपल बटन होता है। अगली बार शॉपिंग करते हुए बटन पर भी जरूर गौर करें।

## शब्द सामर्थ्य -76

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 75 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## फैंस पर चढ़ा शहनाज गिल का खुमार, दिल थामकर देखें एक्ट्रेस का नया फोटोशूट

मनोरंजन जगत की मशहूर अदाकारा शहनाज गिल क्यूट से ग्लैमरस डीवा बन चुकी हैं। बिग बॉस से निकलने के बाद शहनाज ने अपने ट्रांसफॉर्मेशन से हर किसी को चौंका दिया है। शहनाज की फिटनेस और ग्लैमरस लुक के लोग दीवाने हैं। वही अब एक बार फिर शहनाज ने अपनी स्टनिंग फोटोज साझा करके इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। शहनाज गिल की नई फोटोज में अपने स्टाइल स्टेटमेंट से कई अभिनेत्रियों को टक्कर दे रही हैं। शहनाज ने अपना नया फोटोशूट शॉर्ट व्हाइट औरगेंजा रफल ऑउटफिट में कराया है।

शहनाज की स्टनिंग ड्रेस में ब्लैक आउटलाइन की डिटेलिंग है। शहनाज ने शॉर्ट ऑउटफिट को फुल कॉन्फिडेंस एवं ग्रेस के साथ कैरी किया है। वे इस लुक में सुपर गॉर्जियस लग रही हैं। वही शहनाज ने अपने बालों को कर्ली लुक देकर मेसी हेयर बन बनाया है। शॉर्ट रफल ऑउटफिट संग ब्राउन हील्स शहनाज पर बहुत जबरदस्त लग रही हैं। जितना क्लासी शहनाज का ऑउटफिट है उतना ही क्लासी शहनाज का मेकअप भी है। न्यूड ग्लोइंग मेकअप में शहनाज ग्लैम डॉल लग रही हैं। वही शहनाज की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर अपना प्यार लूटा रहे है, फैंस तरह तरह के कमेंट कर अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस पर प्यार लूटा रहे है। वही ये पहले बार नहीं है जब शहनाज की किसी तस्वीर पर फैंस ने इतना प्यार लुटाया हो आए दिन ही शहनाज की तस्वीरें पोस्ट होते ही चर्चाओं में बन जाती है।

## हिटः द फर्स्ट केस में राजकुमार राव सख्त सिपाही के रूप में दिखे

राजकुमार राव की आगामी फिल्म हिटः द फर्स्ट केस में विक्रम के रूप में पहली झलक का अनावरण किया गया। इससे पहले फिल्म का मोशन पोस्टर गिराया गया था जिसने दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता जगाई थी। और अब फिल्म की पहली झलक के साथ, राजकुमार राव हाथ में बंदूक लिए हुए काफी सार्प लग रहे हैं। यह फिल्म उसी नाम की तेलुगु थ्रिलर फिल्म का हिंदी रूपांतरण है, जिसका निर्देशन और लेखन शैलेश कोलानु ने किया है, जो इसके हिंदी संस्करण को भी निर्देशित कर रहे हैं।

तेलुगु फिल्म ने एक लापता लड़की की हत्या की जांच के दौरान पीटीएसडी से पीड़ित एक पुलिस वाले की कहानी का अनुसरण किया। दिल राजू प्रोडक्शंस के सहयोग से गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत, हिटः द फर्स्ट केस का निर्माण भूषण कुमार, दिल राजू, कृष्ण कुमार और कुलदीप राठौर ने किया है। फिल्म, जिसमें सान्या मल्होत्रा भी हैं, 15 जुलाई को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है।

## मैं एक हजार लड़ाइयां लड़ चुकी हूं और अब भी खड़ी हूंः आत्मिका

आखिरी बार तमिल एक्शन एंटरटेनर कोडियिल ओरुवन में नजर आ चुकीं अभिनेत्री आत्मिका ने इंस्टाग्राम पर एक छोटी सी पोस्ट डाली, जिससे दुनिया को उनके असली रूप की एक झलक मिली। इंस्टाग्राम पर लेते हुए, अभिनेत्री, जिनकी फिल्में कटेरी और नरगसूरन का बेसब्री से इंतजार है, ने लिखा, इस महिला ने एक हजार लड़ाइयां लड़ी हैं और अभी भी खड़ी हैं। एक हजार आंसू रोई हैं और अभी भी मुस्कुरा रही हैं।

टूट गया है, धोखा दिया गया है, त्याग दिया गया है, अस्वीकार कर दिया गया है, लेकिन वह अभी भी गर्व से चलती है। जोर से हंसती है, बिना किसी डर के रहती है, बिना किसी संदेह के प्यार करती है। यह महिला सुंदर है। यह महिला विनम्र है। यह महिला में है, कई बार वास्तविक होने का साहस पाना भी दुर्लभ लगता है। कुछ दिनों पहले, अभिनेत्री ने अपनी हाल ही में क्लिक की गई एक तस्वीर पोस्ट की थी और कहा था, सारी हलचल के बीच, इस तस्वीर को क्लिक करने के लिए एक पल के लिए रुक गया, बस यह प्रतिबिंबित करने के लिए कि मैं आप सभी के लिए कितना आभारी हूं। आप बहुत मायने रखते हैं, धन्यवाद। आपको सिर्फ प्यार, प्यार, प्यार और सकारात्मकता भेज रही हूं।

## 26 अगस्त को रिलीज होगी नवाजुद्दीन, संजय मिश्रा की फिल्म होली काउ

नवाजुद्दीन सिद्दीकी और संजय मिश्रा अभिनीत फिल्म होली काउ को आखिरकार रिलीज की तारीख मिल गई है। फिल्म 26 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। साई कबीर द्वारा निर्देशित, यह फिल्म एक डार्क कॉमेडी है और यह सलीम अंसारी के एक रात के साहसिक कार्य पर आधारित है जो अपनी लापता गाय रुक्सार को खोजने की कोशिश कर रहा है। फिल्म में समीक्षकों द्वारा प्रशंसित अभिनेता और फिल्म निर्माता तिग्मांशु धूलिया भी हैं। साई कबीर ने कई अन्य फिल्मों रिवॉल्वर रानी, द शौकीन्स और किस्मत कनेक्शन जैसी फिल्में बनाई हैं। बड़े पर्दे पर संजय की लेटेस्ट आउटिंग ब्लॉकबस्टर फिल्म भूल भुलैया 2 थी। वहीं, नवाजुद्दीन फिल्म हीरोपंती 2 में खलनायक की भूमिका में नजर आए थे। होली काउ वाईटी एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित है और आलिया सिद्दीकी और बलजिंदर खन्ना द्वारा निर्मित है।

## मैं या तो अपनी जेब को या अपनी आत्मा को संतुष्ट करती हूं : ईशा गुप्ता



हाल ही में वेब सीरीज आश्रम 3 में नजर आ चुकीं अभिनेत्री ईशा गुप्ता का कहना है कि समय के साथ अभिनय के लिए प्रोजेक्ट चुनने का उनका मानदंड बदल गया है। ईशा ने शो में नायक, बाबा निराला की छवि प्रबंधक सोनिया की भूमिका निभाई।

अभिनेत्री ने शो का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर की, क्योंकि वह पहले से ही आश्रम की प्रशंसक थीं, उन्होंने एक प्रोजेक्ट चुनने का अपना तरीका भी साझा किया।

ईशा ने बताया, मैंने बहुत कम उम्र में अपना स्वतंत्र जीवन शुरू कर दिया है। ऐसे दिन थे जब मैंने अपनी पॉकेट मनी कमाने के लिए एक छात्र के रूप में एक कैफे में काम किया था। लेकिन अब इतने वर्षो के बाद मेरे पास एक निर्धारित पैरामीटर है। मेरा अभिनय परियोजना को या तो मेरी जेब या मेरी आत्मा को संतुष्ट करना है।

अगर मैं असाइनमेंट या कहानी से बहुत पैसा नहीं कमा रही हूं, एक भूमिका जो इतनी रोमांचक है जो मुझे एक अभिनेत्री के रूप में चुनौती देती है, तो इसे करने का क्या मतलब है। भगवान की कृपा से, मैं अच्छा कर रही हूं और मैं वास्तव में सिर्फ अपनी रसोई चलाने के लिए काम नहीं कर रही हूं। मैं जीवन के उस पड़ाव पर हूं, जहां मैं संतुष्टि की तलाश में हूं।

अभिनेत्री को राज 3, जन्नत 2, रुस्तम, वेब सीरीज रिजेक्टएक्स, नाकाब जैसी बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय के लिए जाना जाता है।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह ट्रोलर्स से अप्रभावित हैं, ईशा ने जवाब दिया, लेकिन ट्रोलर्स केवल प्रशंसक हैं, इसलिए वे मेरी पोस्ट पर टिप्पणी कर रहे हैं, वे मुझसे प्यार करते हैं।

नवीनतम प्रोजेक्ट में उन्होंने बॉबी देओल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया, उन अभिनेताओं और निर्देशकों के बारे में पूछा जिनके साथ वह सहयोग करना चाहेंगी, ईशा ने कहा, इन दिनों कुछ सबसे रोमांचक प्रतिभाएं हैं जो हमें वेब श्रृंखला पर देखने को मिलती हैं। इनमें से एक वे जयदीप अहलावत हैं। वह इतने दिलचस्प अभिनेता हैं कि मैं उनके साथ काम करना चाहती हूं।

प्रकाश झा द्वारा निर्देशित, बॉबी देओल अभिनीत, आश्रम : चौप्टर 3 एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होती है।(आरएनएस)

## रोहित शेट्टी ने की पुष्टि, अजय देवगन के साथ बनाएंगे सिंघम 3

रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स के प्रशंसकों के लिए फिल्म जगत से एक खुशखबरी आई है। सिंघम और सिंघम रिटर्न्स के जरिए रोहित और अभिनेता अजय देवगन ने खूब धमाल मचाया था। रोहित ने पुष्टि की है कि वह इस फिल्म फ्रैंचाइज की नई फिल्म बना रहे हैं। रोहित की टीम सिंघम 3 पर काम कर रही है। इसकी शूटिंग अगले साल अप्रैल में शुरू होगी। बता दें सिंघम 2011 तो सिंघम रिटर्न्स 2014 में रिलीज हुई थी।

फिलहाल रोहित अपनी आने वाली फिल्म सर्कस की शूटिंग खत्म करने पर ध्यान दे रहे हैं। इस फिल्म में अभिनेता रणवीर सिंह हैं। इसके अलावा वह दक्षिण अफ्रीका में एडवेंचर रिएलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 12 की शूटिंग कर रहे हैं। इन सबके बाद अगले साल अप्रैल में वह सिंघम 3 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं।

रणवीर स्टारर सिंबा और अक्षय कुमार स्टारर सूर्यवंशी भी इस फिल्म फ्रैंचाइज का हिस्सा हैं। हालांकि, रोहित और अजय की जोड़ी लंबे समय बाद साथ आई है। रोहित के अनुसार यह उनका अब तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा। उन्होंने कहा कि सिंघम 2 टीवी पर सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली फिल्मों में से एक है। अब बहुत कुछ बदल चुका है और वह लंबे समय से अजय के साथ कुछ बनाना चाहते थे।

रोहित और अजय सिंघम के अलावा गोलमाल फ्रैंचाइज से भी धूम मचा चुके हैं। इस फ्रैंचाइज की चार फिल्में बन चुकी हैं। गोलमाल (2006), गोलमाल रिटर्न्स (2008), गोलमाल 3 (2010) और गोलमाल अगेन (2017) ने लोगों का खूब मनोरंजन किया।

पुलिस के किरदारों पर आधारित रोहित की फिल्म उनकी कॉप यूनिवर्स के नाम से जानी जाती हैं। अपनी कॉप यूनिवर्स को अब रोहित ओटीटी पर लाने जा रहे हैं। रोहित प्राइम वीडियो पर इंडियन पुलिस फोर्स नाम की वेब सीरीज बना रहे हैं। इस सीरीज में अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार रोहित इस सीरीज में अब तक के काम से काफी खुश हैं। इसकी शूटिंग इस साल अक्टूबर-नवंबर तक पूरी हो जाएगी।

रोहित के अनुसार अभी वह सिंघम 3 पर ध्यान देना चाहते हैं और इसके अलावा उनके पास और कोई प्रोजेक्ट नहीं है।

## बंद नहीं हुई अक्षय-टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां

अक्षय कुमार और टाइग श्रॉफ स्टारर बड़े मियां छोटे मियां घोषित होने के बाद से ही चर्चा में है। हाल ही में खबर उड़ी थी कि फिल्म बंद हो गई है। यह बात केआरके के एक ट्वीट के बाद उड़ी थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अली अब्बास जफर अक्षय और टाइगर के साथ यह फिल्म नहीं बना रहे हैं। अब फिल्म के निर्माता-निर्देशक अली अब्बास ने इस बात का खंडन किया है और इसे कोरी अफवाह बताया है।

रिपोर्ट के अनुसार निर्देशक अली अब्बास ने कहा है कि फिल्म के बंद होने की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। यह फिल्म अपने ट्रैक पर है और इसके प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। निर्देशक के मुताबिक इस तरह की बड़ी फिल्म के लिए अच्छी तैयारी करनी पड़ती है। इन तैयारियों के बाद इस साल के अंत या अगले साल के शुरुआत में लंदन में इसकी शूटिंग शुरू होगी। फिल्म 2023 में क्रिसमस पर रिलीज होगी।

अली लंबे समय से दो अभिनेताओं के साथ फिल्म बनाना चाहते थे। उनके पास स्क्रिप्ट थी, लेकिन दो हीरो नहीं थे। आखिर में उन्हें फिल्म के लिए अक्षय और टाइगर मिले। यह पहला मौका होगा, जब अली दो अलग-अलग पीढ़ियों के दो अभिनेताओं को निर्देशित करेंगे। 1998 में अमिताभ बच्चन और गोविंदा स्टारर बड़े मियां छोटे मियां आई थी। हालांकि, खबर है कि अली ने इस फिल्म के लिए बिल्कुल नई कहानी लिखी है।

1998 में रिलीज हुई कॉमेडी एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अमिताभ बच्चन और गोविंदा की जोड़ी खूब पसंद की गई थी। फिल्म में दोनों ने डबल रोल किया था। फिल्म में रवीना टंडन, रम्या कृष्णा, परेश रावल, अनुपम खेर और शरद सक्सेना जैसे कलाकार भी नजर आए थे। अभिनेत्री माधुरी दीक्षित फिल्म में गेस्ट अपियरेंस में नजर आई थीं। इस फिल्म की कहानी रूमी जाफरी ने लिखी थी और निर्देशन डेविड धवन ने किया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म की प्रोडक्शन कॉस्ट करीब 120 करोड़ रुपये रखी गई है। फिल्म की मार्केटिंग और अभिनेताओं की फीस को जोड़ लिया जाए तो इसका कुल बजट 350 करोड़ रुपये के करीब का है। इसके लिए अक्षय 140-150 करोड़ रुपये तो टाइगर 35-40 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं। फिल्म में दोनों हैरतअंगेज स्टंट करते नजर आएंगे। 2023 ऐक्शन प्रेमियों के लिए सौगात होगा। इस साल शाहरुख खान की पठान, सलमान खान की टाइगर 3 रिलीज होंगी।

सम्राट पृथ्वीराज के बाद अक्षय की आने वाली फिल्मों की लाइन लंबी है। अगस्त में उनकी फिल्म रक्षाबंधन रिलीज होगी। इसके बाद मिशन सिंड्रेला, रामसेतु, ओएमजी 2 जैसी फिल्में रिलीज होंगी। यानी की प्रशंसकों के लिए अक्षय लगातार पर्दे पर बने रहेंगे। (आरएनएस)

# प्रतिरोध के बिना कैसा लोकतंत्र!

अजीत द्विवेदी

असहमति और प्रतिरोध, ये दो चीजें लोकतंत्र की बुनियादी पहचान और केंद्रीय व मूलभूत विशेषताएं हैं। इनके बिना लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। दुनिया के जिन देशों में नियमित चुनाव होने के बावजूद असहमति की अभिव्यक्ति और प्रतिरोध के प्रदर्शन की इजाजत नहीं होती है उन्हें लोकतंत्र नहीं माना जाता है। राम मनोहर लोहिया की ये पंक्तियां बहुत बार दोहराई जा चुकी हैं लेकिन आज के संदर्भ में बेहद प्रासंगिक हैं इसलिए कहना जरूरी है कि 'सड़कें सूनी हो जाएंगी तो संसद आवारा हो जाएगी'। एक जीवंत लोकतंत्र और जाग्रत संसदीय व्यवस्था की पहचान है कि उसकी सड़कें आंदोलनों से आबाद रहें। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि सरकारों में निरकुंश होने की स्वाभाविक प्रवृति होती है। यह किसी व्यक्ति का मामला नहीं है, बल्कि सत्ता और शक्ति का मामला है। यह भी बहुत दोहराया जा चुका उद्धरण है कि 'सत्ता भ्रष्ट बनाती है और असीमित सत्ता असीमित रूप से भ्रष्ट बनाती है'। लेकिन असीमित सत्ता सिर्फ भ्रष्ट नहीं बनाती है, निरंकुश भी बनाती है। कोई भी सत्ता निरंकुश न हो, इसके लिए जरूरी होता है कि असहमति की सार्वजनिक अभिव्यक्ति होती रहे और प्रतिरोध के आंदोलन चलते रहें।

दो मौजूदा प्रसंगों की वजह से देश में लोकतंत्र की स्थिति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पहला प्रसंग पैगंबर मोहम्मद पर भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी का है। टिप्पणी नि:संदेह अपमानजनक थी तभी भाजपा ने खुद अपने दोनों प्रवक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की और उन्हें पार्टी से निकाला। लेकिन इसके विरोध में सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बजाय भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलवा रही है। किसी भी प्रदर्शन या आंदोलन में तोड़-फोड़ या हिंसा को जायज नहीं ठहराया जा सकता है लेकिन उसी तरह किसी प्रदर्शन में शामिल राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं के घर पर बुलडोजर चलवाना भी सही नहीं ठहराया जा सकता है। इस मामले में प्रदर्शनकारियों से ज्यादा जिम्मेदारी सरकारों की बनती है। प्रदर्शनकारियों की तरह सरकारें कानून अपने हाथ में नहीं ले सकती हैं।



दूसरी अहम बात यह है कि बुलडोजर चला कर प्रदर्शनकारियों को सजा देने से पहले पार्टियों को, जिसमें भाजपा भी शामिल है, देश की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बन गए प्रतिरोध के तरीके को बदलना होगा। भाजपा की सरकारें जिस तरह के प्रतिरोध और आंदोलन के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं, उसी तरह के आंदोलनों से भाजपा का निर्माण हुआ है। मंडल आयोग की रिपोर्ट के खिलाफ आरक्षण विरोधी आंदोलन हो या अयोध्या में मंदिर का आंदोलन हो, भाजपा ने वहीं तरीका अपनाया था, जिस तरीके का इस्तेमाल करने पर आज वह बुलडोजर चला रही है। आज भी भाजपा जिन राज्यों में विपक्ष में है वहां वह उसी तरह से आंदोलन कर रही है, जिस तरह का आंदोलन करने पर उसकी सरकारें विपक्षी पार्टियों के नेताओं पर लाठियां बरसा रही हैं। लोकतांत्रिक तरीके से विरोध और असहमति जताने पर भाजपा का यह दोहरा रवैया है।

दूसरा प्रसंग राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं पर हो रही पुलिस कार्रवाई का है। पुलिस सिर्फ आम कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर ही लाठी नहीं चला रही है, बल्कि सांसदों के ऊपर भी पुलिस ऐसी सख्ती दिख रही है, जैसे वे सांसद न हों कोई आतंकवादी हों। पुलिस कांग्रेस सांसदों को उनके घरों में घेर रही है ताकि वे बाहर निकल कर प्रदर्शन न कर सकें। जो सांसद किसी तरह से बाहर निकल गए उनको पकड़ कर, घसीट कर गाड़ियों में बैठाया जा रहा है और थानों में बंद किया जा रहा है। इनमें महिला सांसद भी शामिल हैं। यह अभूतपूर्व घटना थी कि पुलिस और अर्धसैनिक बलों का एक दस्ता नई दिल्ली में 24, अकबर रोड के कांग्रेस मुख्यालय में घुसा और वहां से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घसीट कर बाहर निकाला। इस कार्रवाई को सही बताते हुए पुलिस ने कहा कि संबंधित कार्यकर्ता कानून का उल्लंघन करके अंदर चला गया था इसलिए पुलिस भी अंदर गई। जानते हैं किस कानून का उल्लंघन करके कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय में घुसा था- धारा 144 का!

क्या भाजपा में कोई नेता ऐसा होगा, जिसके खिलाफ धारा 144 के उल्लंघन का मामला न हो? धारा 144 का उल्लंघन किए बिना इस देश में कोई नेता नहीं हो सकता है। यह राजनीति की पाठशाला का पहला सबक है। लेकिन इसी से जुड़ा सवाल है कि भाजपा के कितने नेता हैं, जिनको धारा 144 के उल्लंघन के लिए लाठियां खानी पड़ी हो या लातों-घूंसों से पिटाई हुई हो या सड़कों पर घसीटा गया हो? भाजपा से यह सवाल इसलिए है क्योंकि देश की कम्युनिस्ट और समाजवादी पार्टियों के साथ साथ भाजपा ही वह पार्टी है, जो सबसे लंबे समय तक विपक्ष में रही है। भारतीय जनसंघ और फिर भारतीय जनता पार्टी का ज्यादातर समय विपक्ष में ही बीता है। कम्युनिस्ट और समाजवादी पार्टियों की तरह उसका भी आंदोलन करने, विरोध-प्रदर्शन करने और असहमति जताने का लंबा इतिहास है। तभी उससे इस न्यूनतम शिष्टाचार की उम्मीद रहती है कि वह सत्ता में है तो विपक्षी पार्टियों के साथ कम से कम वैसा बरताव करे, जैसा उसके साथ विपक्ष में रहते हुआ है। अगर उससे बेहतर बरताव नहीं कर सकती है तो कम से कम वैसा जरूर करे।

अफसोस की बात है कि भाजपा की सरकारें विपक्ष के साथ विपक्ष की तरह नहीं, बल्कि जानी दुश्मन की तरह बरताव कर रही हैं। उसकी पुलिस असहमति और प्रतिरोध को कुचल देने के अंदाज में काम कर रही है। उसकी एजेंसियां समूचे विपक्ष की साख बिगाड़ने के लिए काम कर रही हैं। इससे पहले केंद्रीय एजेंसियों का ऐसा बरताव कभी देखने को नहीं मिला। यह अघोषित नियम हो गया है कि जो विपक्ष में है वह भ्रष्ट है और जैसे ही वह सत्तापक्ष में शामिल होता है उसके भ्रष्टाचार के दाग धुल जाते हैं। इसकी अनेक मिसालें दी जा सकती हैं। लेकिन इस समय चिंता का मुद्दा वह नहीं है। चिंता का मुद्दा सत्ता के निरंकुश होते जाने का है। चिंता का मुद्दा असहमति जाहिर करने और सरकार की किसी नीति या उसके किसी कदम के विरोध में आंदोलन करने की मान्य लोकतांत्रिक परंपरा को समाप्त करने के प्रयास का है। चिंता का मुद्दा विपक्ष को दुश्मन मानने की सोच का है। चिंता का मुद्दा बहुमत और सत्ता के दम पर विपक्ष की आवाज को दबाने के प्रयास का है। ध्यान रहे इससे सिर्फ विपक्ष या राजनीतिक विरोधी कमजोर नहीं होंगे, इससे लोकतंत्र कमजोर होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होगी और अंतत: नागरिक कमजोर होंगे। लोगों को भी किसी भ्रम में नहीं रहना चाहिए। दुनिया की कोई भी सरकार जनता के लिए काम नहीं करती है। तभी यह विपक्ष और नागरिक समाज की जिम्मेदारी होती है कि वह सरकारों को जवाबदेह बनाए। दुर्भाग्य से भारत में नागरिकों का एक बड़ा तबका ऐसा है, जो अज्ञानवश अपने हितों की संकीर्ण परिभाषा के दायरे में बंध गया है और देश, समाज व खुद के व्यापक हित के प्रति आंखें मूंदे हुए है।

## सू- दोकू क्र.76

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 75 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# पश्चिम एशिया में नया चौगुटा

वेद प्रताप वैदिक

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अगले माह सउदी अरब की यात्रा पर जा रहे हैं। उस दौरान वे इजराइल और फिलीस्तीन भी जाएंगे लेकिन इन यात्राओं से भी एक बड़ी चीज जो वहां होने जा रही है, वह है- एक नए चौगुटे की धमाकेदार शुरुआत! इस नए चौगुटे में अमेरिका, भारत, इजराइल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) होंगे। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जो चौगुटा चल रहा है, उसके सदस्य हैं- अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया। इस और उस चौगुटे में फर्क यह है कि उसे चीन-विरोधी गठबंधन माना जाता है जबकि इस पश्चिम एशिया क्षेत्र में चीन के जैसा कोई राष्ट्र नहीं है, जिससे अमेरिका प्रतिद्वंद्विता महसूस करता हो।

इसके अलावा इस चौगुटे के तीन सदस्यों का आपस में विशेष संबंध बन चुका है। भारत और सं.अ.अ. के बीच मुक्त व्यापार समझौता है तो ऐसा ही समझौता इजराइल और सं.अ.अ. के बीच भी हो चुका है। ये समझौते बताते हैं कि पिछले 25-30 साल में दुनिया कितनी बदल चुकी है। इजराइल- जैसे यहूदी राष्ट्र और भारत- जैसे पाकिस्तान-विरोधी राष्ट्र के साथ एक मुस्लिम राष्ट्र यूएई के संबंधों का इतना घनिष्ट होना अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हो रहे बुनियादी परिवर्तनों का प्रतीक है।

अमेरिका के राष्ट्रपति का इजराइल और फिलीस्तीन एक साथ जाना भी अपने आप में अति-विशेष घटना है। यों तो पश्चिम एशिया के इस नए चौगुटे की शुरुआत पिछले साल इसके विदेश मंत्रियों की बैठक से शुरु हो गई थी लेकिन अब इसका औपचारिक शुभारंभ काफी धूम-धड़ाके से होगा। मध्य जुलाई में इन चारों राष्ट्रों के शीर्ष नेता इस सम्मेलन में भाग लेंगे। जाहिर है कि यह नाटो, सेंटो या सीटो की तरह कोई सैन्य गठबंधन नहीं है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की उपस्थिति को सैन्य-इरादों से जोड़ा जा सकता है लेकिन पश्चिम एशिया में इस तरह की कोई चुनौती नहीं है।

ईरान से परमाणु-मुद्दे पर मतभेद अभी भी हैं लेकिन उसके विरुद्ध कोई सैन्य गठबंधन खड़ा करने की जरुरत अमेरिका को नहीं है। जहां तक भारत का सवाल है, वह किसी भी सैन्य संगठन का सदस्य न कभी बना है और न बनेगा। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के चौगुटे में भी उसका रवैया चीन या रूस विरोधी नहीं है। भारत इस मामले में बहुत सावधानी बरत रहा है। वह इन चौगुटों में सक्रिय है लेकिन वह किसी महाशक्ति का पिछलग्गू बनने के लिए तैयार नहीं है।

इस वक्त भारत शाघांई सहयोग संगठन और एसियान देशों की बैठकें भी आयोजित कर रहा है। इन सबका लक्ष्य यही है कि आपसी आर्थिक और व्यावसायिक संबंधों की श्रीवृद्धि हो। क्या ही अच्छा होता कि इन सभी संगठनों में पाकिस्तान भी सम्मिलित होता लेकिन इस प्रश्न का हल तो पाकिस्तान ही कर सकता है।

## पवार के तटस्थ होने से संकट

एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने हाथ खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यह शिव सेना का आंतरिक संकट है और उसे ही निपटाना चाहिए। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि महाविकास अघाड़ी में कोई समस्या नहीं है। इसके कई अर्थ निकाले जा रहे हैं। एक तो यह है कि उन्हें कोई परवाह नहीं है कि शिव सेना टूट जाए या सरकार गिर जाए। दूसरा अर्थ यह है कि वे सरकार नहीं गिरने को लेकर भरोसे में हैं। लेकिन जानकार नेताओं का कहना है कि शरद पवार की तटस्थता अनायास नहीं है। उनको पहले से संकट के बारे में पता था और उन्होंने उद्धव ठाकरे को आगाह भी किया था लेकिन सवाल है कि जब संकट गंभीर हो रहा था तो उन्होंने उसे काबू करने का प्रयास क्यों नहीं किया?

महाराष्ट्र में चाहे किसी पार्टी का नेता हो वह शरद पवार की अनदेखी नहीं कर सकता है। एकनाथ शिंदे तो महाविकास अघाड़ी सरकार में शामिल थे, जिसका अघोषित रूप से समन्वय का काम शरद पवार ही कर रहे थे। इसलिए संकट के बारे में जानने के बावजूद उनका चुप रहना सवाल खड़े करता है। संकट पैदा हो जाने के बाद भी वे इसे सुलझाने के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं, इससे भी शिव सेना और कांग्रेस के नेता हैरान हैं। सरकार पर आए संकट को शिव सेना का आंतरिक संकट बता कर वे कैसे पल्ला झाड़ सकते हैं?( आरएनएस)

# दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



नगर संवाददाता

हरिद्वार। महानगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आज छह साल की बच्ची और उसकी मां से दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है।

चंद्रशेखर चौक पर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष कलीम खान ने कहा की लगातार अपराध बढ़ते जा रहे हैं। रुड़की कलियर के बीच छह साल की बच्ची व उसकी मां से दुष्कर्म की घटना के बाद अब तक खुलासा नहीं हो पाया है, यह शर्मनाक है। प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में हत्या, दुष्कर्म, चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है। जिससे कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है।

इस मौके पर प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता, सुभाष सैनी,राजपाल सैनी,सईद हसन, उमेद गाजी,हेमेंद्र चौधरी,सलीम खान,भूषण त्यागी, मकसूद हसन,श्रवण गोस्वामी, आशीष सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने दिया अपने पद से इस्तीफा

नगर संवाददाता

बेरीनाग। बेरीनाग नगर पंचायत अध्यक्ष हेम पंत ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होने इस्तीफा का पत्र जिलाधिकारी को भेज दिया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष हेम पंत ने जिलाधिकारी को भेजे इस्तीफा पत्र में बताया की वह वर्ष 2018 में निर्दलीय अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए थे। नगर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए अवस्थापना निधी में शासन को तीन करोड़ के प्रस्ताव भेजे थे। बरसात के दौरान लोगों के घरों की सुरक्षा के लिए 1 करोड की धनराशि की मांग की गयी थी। पूर्व में बेरीनाग की गंभीर पेयजल समस्या और सीएम के घोषणा के बाद भी नगर पंचायत नगर पालिका नही बनने को लेकर उन्होने 10 दिनों तक क्रमिक अनशन किया था। अनशन खत्म करने के लिए उन्हे स्थानीय विधायक और एसडीएम ने समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया था। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद कोई भी समस्या का समाधान नही हुआ। पिछले चार वर्षों में नगर की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से लेकर शहरी विकास मंत्री के द्वारा कोई सहयोग नही दिया गया। उन्होंने सत्ता पक्ष का नही होने के कारण सौतेला व्यहवार करने की बात कही तथा नगर के विकास के लिए धनराशी नही होने और नगर की समस्याओं का समाधान नही होने पर इस्तीफा देने की बात कही है।

## मां-बेटी के साथ दरिंदगी करने वालों पर.. ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

लेकर पुलिस भी भागदौड़ करती दिख रही है तथा मुख्य आरोपी पर पुलिस द्वारा 10 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया गया है। महिला आयोग की अध्यक्ष ने भी डीआईजी पी. रेणुका से वार्ता कर मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। लेकिन इस मामले में प्रदेश की सरकार अभी असंवेदनशील बनी हुई है। मुख्यमंत्री धामी ने अब तक इस अति गंभीर मुद्दे पर दो शब्द भी नहीं बोले हैं। अगर वह अधिकारियों को निर्देशित करते और सख्त रुख दिखाते तो अब तक अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती थी।

सवाल यह है कि क्या उत्तराखंड की यह घटना दिल्ली के उस निर्भया कांड से कम गंभीर है जिसे लेकर देश की राजधानी से लेकर पूरे देश में हंगामा मच गया था। पीड़ित मां और उसकी 6 साल की मासूम के साथ हुई इस दरिन्दगी की घटना ने समाज और शासन प्रशासन पर जो सवाल खड़े किए हैं उनकी जवाबदेही आखिर किसकी है? यह सवाल आज हर किसी के मन में उठ रहा है। अच्छा हो कि इस मुद्दे पर राजनीति की बजाय गुनाहगारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

# सीएम धामी ने पुलिस लाइन में प्रशासनिक भवन में क्वार्टर गार्ड तथा बैरिक का किया शिलान्यास

हमारे संवाददाता

देहरादून। देहरादून पुलिस लाइन में आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रशासनिक भवन में क्वार्टर गार्ड एवं बैरिक का शिलान्यास किया गया। इस दौरान उन्होंने चीता मोबाइल का भी फ्लैग ऑफ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मार्ट पुलिस के विजन को लेकर उत्तराखंड पुलिस लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चार धाम यात्रा अपने चरम पर है और चारधाम यात्रा में भी पुलिस ने बहुत ही ऐतिहासिक कार्य किया है और आगे भी पुलिस ऐसा ही कार्य करेगी हम सबको पुलिस से ऐसी ही उम्मीद है।





इस मौके पर डीजीपी अशोक कुमार ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके इस सहयोग के माध्यम से जो महत्वपूर्ण निर्माण कार्य हुए हैं उससे काम करने का वातावरण बेहतर हो सकेगा। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, डीजीपी अशोक कुमार, अपर प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, एसएसपी जन्मेजय प्रभाकर खंडूरी, गढ़वाल एवं कुमाऊं मंडल के आईजी सहित तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# नाबालिग को भगाने में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। नाबालिग को भगाने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला निवासी महिला ने रायवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नाबालिग बेटी उम्र 15 वर्ष को नयन पुत्र संजय बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। उसने उनको काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नही चल सका है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# परिवार वाले सोते रहे, चोर लाखों के जेवरात लेकर हुए चम्पत

देहरादून (संवाददाता)। परिवार वाले घर में सोते रहे और चोरो ने मकान का ताला तोडकर लाखों रूपये के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरस्वती विहार निवासी सुमित कुमार ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह वर्तमान में कैनरा बैंक क्षेत्रिय कार्यलय में कार्यरत है तथा सरस्वती विहार में किराये पर अपनी बीवी और बच्चे के साथ रह रहा है। गत दिवस रात्रि को समय करीब एक बजे के आसपास सो गये थे। मकान का मुख्य दरखाजा बंद था। उसके कमरे में आने वाला मैन डोर भी बंद था। लेकिन बालकली के जाली वाले दरवाजे की कुन्डी नहीं लगी हुई थी। सुबह साढे सात बजे उनके बेडरूम वाले बाथरूम मे पत्नी गई तो देखा की उनके बेडरुम की अलमारी का सामान नीचे व बेड पर पड़ा हुआ था। उसकी पत्नी ने अपनी ज्वैलरी वाला बैग चौक किया जो कि नहीं मिला। बैग में 1 गले की चैन-1 कंगन - 2 अंगठी-5, मंगल सूत्र -2 गले का हार सहित सारे जेवरात दूसरे बैग मे नई 50 की गड्डी व 10 की नई गड्डी भी ले गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले पुलिसकर्मी के परिजनों को सौंपा 50 लाख का चेक

हमारे संवाददाता

देहरादून। पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड अशोक कुमार की उपस्थिति में आज संजय काण्डपाल, जोनल मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक देहरादून जोन द्वारा रक्षक प्लस योजना के अन्तर्गत सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले जनपद देहरादून में तैनात ओ.पी. विजय चौहान की पत्नी ममता चौहान को पंजाब नेशनल बैंक की ओर से 50 लाख रूपए का चेक दिया गया।



पुलिस महानिदेशक ने बताया कि वर्ष 2019 में उत्तराखण्ड पुलिस कर्मियों के लिए एक बड़े कल्याणकारी कदम के रूप में उत्तराखण्ड पुलिस तथा पंजाब नेशनल बैंक के बीच पुलिस सैलरी पैकज के लिए समझौता (एम.ओ.यू.) किया गया था, जिसके अन्तर्गत जिन पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का वेतन पंजाब नेशनल बैंक में आहरित हो रहा है उनको रक्षक प्लस योजना के अन्तर्गत बिना प्रीमियम जमा किए दुर्घटना आदि में मृत्यु होने पर 30 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर दिया जा रहा था। वर्ष 2021 में एम.ओ.यू. का नवीनीकरण कर इस बीमा कवर को बढ़ाकर 50 लाख रूपए कर दिया गया है। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2019 से अब तक पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 15 पुलिसकर्मियों के आश्रितों को बीमा कवर की राशि प्रदान की गयी है। पुलिस सैलरी पैकज के अन्तर्गत ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ भी वर्ष 2018 में समझौता (एम.ओ.यू.) किया गया था, जिसके अन्तर्गत बिना प्रीमियम जमा किए दुर्घटना आदि में मृत्यु होने पर 25 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर दिया जा रहा था। वर्ष 2021 में एम.ओ.यू. का नवीनीकरण कर इस बीमा कवर को बढ़ाकर 50 लाख रूपए कर दिया गया है। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2018 से अब तक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 9 पुलिसकर्मियों के आश्रितों को बीमा कवर की राशि प्रदान की गयी है। पुलिस सैलरी पैकज योजना के अन्तर्गत अब तक कुल 24 पुलिसकर्मियों के आश्रितों को बीमा कवर की राशि प्रदान की गयी है।



## एक नजर

# मुंबई में चार मंजिला इमारत गिरी, 2 की मौत, 12 घायल

मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में सोमवार देर रात चार मंजिला आवासीय इमारत ढहने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि १२ अन्य लोग घायल हुए हैं। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि, कुर्ला की नाइक नगर सोसायटी में स्थित आवासीय इमारत का एक हिस्सा सोमवार देर रात ढह गया। उन्होंने बताया कि, घायलों को घाटकोपर तथा सायन के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। घाटकोपर के राजावाड़ी अस्पताल ले जाए गए ३० और २८ वर्षीय दो पुरुषों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के एक दल ने मलबे में फंसी एक महिला को जिंदा बाहर निकाला है। अधिकारी ने बताया कि, दमकल कर्मी मलबे में फंसे अन्य लोगों की तलाश के लिए बचाव एवं तलाश अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि घटना की, सूचना मिलने के बाद दमकल कर्मियों के मौके पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उन्हें मलबे में २० से २२ लोगों के फंसे होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, दमकल की करीब १२ गाड़ियों के अलावा, दो बचाव वैन मौके पर तैनात है।



# जिनका जमीर मर गया हो उन्हें और क्या कहा जाए: संजय राउत

मुंबई। महाराष्ट्र में सियासी घमासान बढ़ता ही जा रहा है। शिवसेना की लड़ाई सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गयी है। इस बीच शिवसेना सांसद संजय राउत ने एक बार फिर बागी विधायकों पर हमला बोला है। संजय राउत ने मंगलवार को ट्विटर पर एक फोटो शेयर की, जिसपर लिखा हुआ है जहालत एक किस्म की मौत होती है और जाहिल लोग चलती फिरती लाशें हैं। राउत इससे पहले भी बागी विधायकों को जिंदा लाशें कहकर संबोधित कर चुके हैं। उन्होंने एक चैनल को इंटरव्यू देते हुए कहा था कि गुवाहाटी में वो ४० जिंदा लाशें हैं जिनकी आत्मा मर चुकी है। अपने इस बयान पर अडिग रहते हुए उन्होंने फिर इसी बात को दोहराते हुए कहा था कि जिनका जमीर मर गया हो उन्हें और क्या कहा जाए। महाराष्ट्र में चल रहे सियासी घमासान के बीच आज का दिन बेहद खास है, क्योंकि जिस फ्लोर टेस्ट की मांग बागी विधायक कर रहे थे अब उसकी संभावना बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी ने इस पूरे मामले में खुद संज्ञान लेते हुए फ्लोर टेस्ट कराने का फैसला कर सकते हैं।



# जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में ली शपथ

नई दिल्ली। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ ग्रहण की। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उपराज्यपाल के सचिवालय राज निवास में एक समारोह के दौरान न्यायमूर्ति शर्मा को शपथ ग्रहण कराई। १३ मार्च को जस्टिस डीएन पटेल के सेवानिवृत्त होने के बाद से इस पद पर स्थायी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं हो पाई थी। तेलंगाना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा को स्थानांतरित कर दिल्ली हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले महीने इनके नामों की अनुशंसा की थी। जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा का मध्य प्रदेश के भोपाल में ३० नवंबर, १९६१ को जन्म हुआ था। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने साल २००३ में ४२ वर्ष की उम्र में ही न्यायमूर्ति शर्मा को वरिष्ठ अधिवक्ता मनोनीत किया था। जनवरी, ००८ में उन्हें मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में प्रोन्नत किया गया और जनवरी, २०१० में स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया। साल २०१० की जनवरी में उनका ट्रांसफर, कर्नाटक हाई कोर्ट में किया गया था। महाराष्ट्र में सियासी घमासान बढ़ता ही जा रहा है। शिवसेना की लड़ाई सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गयी है। इस बीच शिवसेना सांसद संजय राउत ने एक बार फिर बागी विधायकों पर हमला बोला है।



# प्रदेशवासियों को जल्द मिलेगी ई-एफआईआर की सुविधा

हमारे संवाददाता

देहरादून। प्रदेश के लोगों को अब जल्द ही ई-एफआईआर की सुविधा मिल सकेगी। ई-एफआईआर में अब घर बैठे ही एफआईआर दर्ज कराई जा सकेगी। शुरूआत में वाहन चोरी और गुमशुदा वस्तुओं के संबंध में ई-एफआईआर कराई जा सकेगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में गृह और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री के समक्ष सीसीटीएनएस के अंतर्गत बनाए जा रहे ई-एफआईआर पोर्टल का प्रस्तुतिकरण दिया गया है।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि सरकार का मूल मंत्र है। सिस्टम इस प्रकार का होना चाहिए जिससे जनता सरलतम तरीके से अपनी शिकायतों का समाधान करा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-एफआईआर से आम जन को बहुत सुविधा होगी। लोगों को एफआईआर दर्ज कराने के लिये परेशान नहीं होना पड़ेगा। ई-एफआईआर में उच्चाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से समीक्षा की जाए। कहा कि पुलिसिंग में आधुनिक तकनीक का उपयोग बढ़ाये जाने की जरूरत है। ड्रोन टेक्नोलोजी का भी उपयोग किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशिक्षण, आधुनिकीकरण और पुलिस सुधार से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि झूठी एफआईआर को रोकने के लिये जरूरी प्रावधान किये जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में सुझाव देने के लिये एक समिति बनाई जाए।

ई-एफआईआर के लिये अभी अधिसूचना जारी की जानी है। शुरुआत में इसमें वाहन चोरी व गुमशुदा मोबाईल व अन्य वस्तुओं के संबंध में एफआईआर को शामिल किया जाएगा। ई-एफआईआर में वर्चुअल थाना स्थापित किया जाएगा। जो भी ई-एफआईआर की जाएगी, वह इस वर्चुअल थाने में जाएगी। शिकायत करने वाले को इसकी पावती मिल जाएगी। यहां इसका परीक्षण कर संबंधित थाने में आवश्यक कार्यवाही के लिए अग्रसारित की जाएगी। ई-एफआईआर पोर्टल को देवभूमि मोबाईल एप से भी जोड़ा जाएगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, डीजीपी अशोक कुमार, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, एडीजी वी मुरूगेशन, आईजी बिमला गुन्ज्याल, अपर सचिव रिद्धिम अग्रवाल, सहित गृह व पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# शादी का झांसा देकर चार साल तक किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। शांदी का झांसा देकर महिला से चार साल तक दुष्कर्म करने के व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी महिला ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वर्ष 2018 को दक्ष डोरा पुत्र प्रदीप डोरा से देहरादून की पल्टन बाजार में मिली थी जहां से उन दोनों की दोस्ती हुई थी। उसने दक्ष डोरा को एक मित्र के रुप में सारी बाते बतायी कि वह शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी है और उसका पति उसको मानसिक रुप से प्रताडित करता था, मुझे मारता पीटता था। वह अपने काम के सिलसिले में देहरादून में किराये के मकान में रहती थी।

एक दिन जनवरी 2019 को दक्ष डोरा उसके किराये वाले मकान में शाम के समय कुछ खाने पीने का सामान लेकर आया जूस को पीने के बाद उसको अजीब सा महसूस हुआ और उसने उसके साथ बेहाशी की हालात में शारीरिक सम्बन्ध में बना लिये। दक्ष ने उसको भरोसा दिलाया कि वह उसके साथ शादी करेगा। लेकिन चार साल बीतने बाद भी उसने उसके साथ शादी नहीं की ओर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा था। जब उसने उसपर शादी का दबाव बनाया तो उसने उसके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा उसके ताऊ के बेटे जतिन डोरा ने भी उसको व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# विडंबना: बात पहाड़ की और दौड़ मैदान की ओर

विशेष संवाददाता

देहरादून। पहाड़ के विकास और पहाड़ की राजधानी पहाड़ में होने की पैरवी करने वाले पहाड़ के लोग और नेता तथा अधिकारी खुद पहाड़ से कितना लगाव रखते हैं? यह सवाल यूं तो लंबे समय से चर्चाओं के केंद्र में हैं। लेकिन इसकी ताजा मिसाल है श्री देव सुमन विश्वविद्यालय टिहरी के दीक्षांत समारोह का राजधानी दून में आयोजित किया जाना।

श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय टिहरी का तीसरा दीक्षांत समारोह आगामी 6 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। इस दीक्षांत समारोह में टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय को अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति पीपी ध्यानी ने उन्हें पत्र लिखकर उन्हें दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किया गया है। पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया है कि दीक्षांत समारोह का आयोजन पीस्टल वीड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन, मसूरी डायवर्शन रोड देहरादून में किया जाएगा।

टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने खुद इस बात पर हैरानी व्यक्त की है कि जब विश्वविद्यालय टिहरी में है तो उसका दीक्षांत समारोह राजधानी में क्यों? उनका कहना है कि जब विश्वविद्यालय टिहरी में है तो दीक्षांत समारोह भी टिहरी में ही होना चाहिए था। उनके यह कहने का आशय साफ है कि हम बात तो पहाड़ की करते हैं लेकिन पहाड़ से खुद ही दूर भाग रहे हैं। किशोर उपाध्याय इस दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे या नहीं यह तो पता नहीं लेकिन विधायक चुने जाने के बाद वह टिहरी में ही रह रहे हैं और अभी बीते दिनों उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर इस बात का अनुरोध भी किया था कि विधायकों को दी जाने वाली आवासीय सुविधा उन्हें टिहरी में दी जाए और अगर दून में उन्हें आवास अलाट किया गया है तो उसे रद्द कर दिया जाए। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सूबे की नई ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में घोषित किए जाने के बाद भी सरकार द्वारा अभी हाल ही में संपन्न हुए बजट सत्र को भी दून में ही आयोजित किया गया था जिसे लेकर विपक्ष ने नाराजगी जताई थी। लेकिन यह स्पष्ट है कि पहाड़ की बात करने वाले पहाड़ के लोग ही पहाड़ से दूर भाग रहे हैं। वह खुद भी मैदानी भागों की ओर भाग रहे हैं।




## श्री देव सुमन विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह दून मे क्यों?

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*